पूजन | विधि विधान के साथ संपन्न हुई एकादशी की पूजा

# उठो देव देवेश, उठो गोविंद जगत्पते का किया जाप




**जबलपुर, नवभारत।** देवउठनी एकादशी शनिवार यानी 1 नवंबर को विधि-विधान से संपन्न हुई, जिसमें भक्तों ने व्रत रखकर भगवान विष्णु की पूजा की। इस दिन शुभ मुहूर्त में भगवान विष्णु को जगाने के लिए शंख-घंटे बजाए गए और उठो देवा, बैठो देवा मंत्र का उच्चारण किया गया। पूजा में गंगाजल, पीला चंदन, फूल, तुलसी, फल, और सिंघाड़े जैसे भोग अर्पित किए गए और रात में विशेष आरती की गई। शहर की पूजा सिंह ने नवभारत को बताया कि उनके परिवार द्वारा सुबह जल्दी उठकर पूजन पाठ किया गया और व्रत का संकल्प लिया गया। इसके बाद मनीषा राजपूत ने बताया कि देवउठनी एकादशी के दिन पूजा स्थल को साफ करके गंगाजल का छिड़काव किया गया। इसके बाद एक चौकी पर पीला वस्त्र बिछाकर भगवान विष्णु की प्रतिमा या चित्र और शालिग्राम जी को रखकर विधिवत पूजन पाठ किया गया।

### ग्यारस के दिन का कारोबार ( अनुमानित )

- कुल व्यापार 70 से 80 करोड़
- ज्वेलरी 20 से 25 करोड़
- ऑटोमोबाइल 15 करोड़
- फर्नीचर 5 करोड़
  बर्तन 2 करोड़
- इलेक्ट्रॉनिक्स 10 करोड़
- प्रॉपर्टी 14 करोड़ के आसपास

### बाजारों में आएगी रौनक

देवउठनी एकादशी से शुरू हुए मांगलिक कार्यों में इस बार बाजार में लगभग 400 से 500 करोड़ का कारोबार होने की उम्मीद है। महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष रवि गुप्ता बताते है कि दीपावली से लेकर अब तक सोना-चांदी के भाव में काफी गिरावट आई है। इससे लोग ज्वेलरी ज्यादा वजन वाली खरीद सकेंगे।

### तुलसी और शालिग्राम भगवान का हुआ विवाह

चिकनी कुआं गढ़ा निवासी सीमा दुबे, शैल श्रीवास्तव, भारती देवी, सीमा गोस्वामी, राजकुमारी साहू, रमा दुबे आदि ने गन्ने की मड़ैया बनाकर तुलसी जी और शालिग्राम जी का पंडित प्रियांशु दुबे शास्त्री के आचार्यत्व में पंचोपचार पूजन कर विश्व शांति और समृद्धि का वरदान मांगा। इस अवसर पर क्षेत्रीय नागरिक उपस्थित थे।

### एकादशी पर हुए भव्य आयोजन

श्री दुर्गा हनुमान मंदिर समिति के संयोजकत्व में सरस्वती कॉलोनी चेरीताल स्थित मंदिर प्रांगण में कार्तिक महात्म्य पर दो दिवसीय गरिमामय आयोजन के 23वें दिवस पारंपरिक रस्म से तुलसी-शालिगराम जी को हल्दी कुमकुम अर्पित की गयी। इस अवसर पर अध्यक्ष देवेन्द्र नेमा, आचार्य पं.वीरेंद्र दुबे, प्रभा शर्मा, निधि बबेले, क्रांति पटेल, उर्मिला अग्रवाल, वर्षा झरिया, सावित्री शुक्ला, यशोदा साहू, पार्वती विश्वकर्मा, शकुंतला पटेल आदि मौजूद थे।

### इनका कहना है



देवउठनी एकादशी की पूजा शुभ मुहूर्त पर संपन्न हुई। इस दिन से हिंदू धर्म में सारे शुभ कार्य शुरू किये जा सकते हैं।

**पं. मनोज मिश्रा**



हमारे परिवार ने विधि विधान से देवउठनी एकादशी पर विष्णु भगवान की पूजा करी। देवउठनी एकादशी के दिन हमने बाजार से आभूषण भी खरीदे।

**रेखा**

इस बार शादी ब्याह में होने वाली खरीददारी का आंकड़ा 400 से 500 करोड़ के बीच पहुंच सकता है। बात करें अगर देवउठनी एकादशी के दिन की दो अनुमानित 70 से 80 करोड़ का व्यापार शहर में हुआ है।

**रवि गुप्ता, अध्यक्ष, महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स**



## कीर्तन दरबार के साथ बसंती निशान साहिब लहराया

▸ गुरुनानक जयंती पर आज निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

**नवभारत, जबलपुर।** सिख धर्म के प्रवर्तक एवं प्रथम गुरु, जगतगुरु श्री गुरु नानक देव जी के पवित्र प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में आज सिविक सेंटर स्थित माता गुजरी महिला महाविद्यालय मैदान से अपराह्न 3 बजे पारंपरिक नगर कीर्तन निकाला जाएगा। पश्चात रात्रि 8 बजे तक कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर वितरित किया जाएगा। इसके पूर्व गुरुनानक स्थली गुरुद्वारा मढ़ाताल में धन्य गुरु नानक तथा झूलते निशान रहें पंथ महाराज के आदि ओजस्वी जयघोष के बीच उत्साहपूर्ण माहौल में साध संगत द्वारा बसंती निशान साहिब लहराने की कार सेवा की गई । इस दौरान इमलीवाला इंजी. वर्क्स, सरदार जसपाल सिंह माकन, कुलविंदर सिंह पवन, हरदीप सिंह परमार, सुरिंदर कौर छावड़ा, गुरप्रीत सिंह भाटिया, अमरजीत सिंह चावला, तेजिंदर सिंह निझावन परिवार को चोला साहिब भेंट करने का परम सौभाग्य प्राप्त हुआ। दूसरी तरफ गुरु नानक विद्यालय मढ़ाताल में भी कीर्तन दरबार और गुरु का लंगर आदि आयोजनों के साथ निशान साहिब लहराया गया ।

## संत शिरोमणि नामदेव महाराज की जयंती मनाई



**जबलपुर, नवभारत।** मप्र नामदेव क्षत्रिय एकता परिषद के तत्वावधान में संत श्री नामदेव महाराज की 755 वीं जयंती पर 01 नंबर को आई टी आई माढौताल स्थित संत नामदेव मंदिर में आयोजित हुई। इस मौक़े पर भारी संख्या में सामाजिक बंधुओं, महिलाओं, बच्चों ने पहुँच कर संत नामदेव जी महाराज की पूजा अर्चना एवं भव्य आरती कि। संत नामदेव मंदिर मे सुन्दर कांड का पाठ भी संपन्न हुआ। आयोजन उपरान्त प्रसाद का वितरण किया गया, संस्था के प्रांतीय अध्यक्ष रामभरत नामदेव ने संत नामदेव महाराज के चमत्कारों पर प्रकाश डाला वहीं कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष जे. पी. वर्मा ने जबलपुर मे 14 दिसम्बर को होने वाले भव्य नामदेव समाज के युवक - युवती परिचय एवं सामुहिक आदर्श विवाह महासम्मेलन की जानकारी दी। इस अवसर म. प्र. नामदेव क्षत्रिय एकता परिषद के प्रांतीय अध्यक्ष रामभरत नामदेव, कार्यकारी प्रांतीय अध्यक्ष जेपी वर्मा, जिला अध्यक्ष रूपराम नामदेव, प्रांतीय महामंत्री रामप्रकाश नामदेव, जिला कोषाध्यक्ष शंभू प्रसाद नामदेव, कैलाश नामदेव, प्रांतीय ऑडिटर अमित नामदेव, अनिल नामदेव राजेंद्र नामदेव , सचिन नामदेव, शंकरलाल नामदेव माढौताल राकेश नामदेव, आशीष नामदेव, बालचंद नामदेव, ज्योति नामदेव, अंजू नामदेव एवं अन्य नागरिक उपस्थित रहे हैं।

## मंत्री सिंह श्रीमद्भागवत कथा में हुए शामिल

**जबलपुर।** लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह ने सिविल लाइन में आयोजित 'श्रीमद्भागवत कथा अमृतवर्षा' में सम्मिलित होकर पूज्य व्यासपीठ का आशीर्वाद ग्रहण किया। इस अवसर पर मंत्री श्री सिंह ने कहा कि ऐसे आयोजन समाज को सकारात्मक दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने शुभकामनाएं व्यक्त किया कि भगवान श्रीकृष्ण की कृपा सभी पर बनी रहे। मंत्री श्री सिंह ने पटेल मोहल्ला अखाड़ा प्रांगण रामपुर में भी श्रीमद्भागवत कथा में शामिल होकर कथा श्रवण कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

# जबलपुर बनेगा रक्षा विनिर्माण का केन्द्र

▸ 7 से 9 नवम्बर तक होगा इंडियन डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉन्क्लेव




**नवभारत, जबलपुर।** रक्षा उत्पादन विभाग, रक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार आर्मर्ड व्हीकल्स निगम लिमिटेड (एवीएनएल) और भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) संयुक्त रूप से इंडियन डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग कॉन्क्लेव-2025 का आयोजन करने जा रहे हैं। यह भव्य आयोजन 7 से 9 नवम्बर 2025 तक व्हीएफजे स्टेडियम ग्राउंड, जबलपुर (मध्यप्रदेश) में होगा। निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक प्रवीण कुमार ने पत्रकार वार्ता के दौरान बताया कि यह कॉन्क्लेव रक्षा वाहन पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करने, नवाचार को बढ़ावा देने और भविष्य के लिए तैयार क्षमताओं के विकास पर केंद्रित रहेगा। इस मंच के माध्यम से उद्योग जगत, अनुसंधान संस्थान और नीति निर्माता एक साथ आकर रक्षा वाहन निर्माण के क्षेत्र में आने वाली चुनौतियों, संभावनाओं और नई तकनीकों पर विचार-विमर्श करेंगे। कॉन्क्लेव में रक्षा मंत्रालय, सशस्त्र बलों, डीआरडीओ, डीपीएसयू, नीति आयोग, निजी उद्योग, एमएसएमई, ओईएम, स्टार्टअप्स और शैक्षणिक जगत के प्रतिनिधि शामिल होंगे। इन सभी हितधारकों का उद्देश्य रक्षा क्षेत्र में सहयोग, नवाचार और स्वदेशीकरण को नई दिशा देना होगा। तीन दिवसीय कार्यक्रम के अंतर्गत पहले दिन 7 नवम्बर को उद्घाटन समारोह एवं प्रथम सत्र आयोजित किया जाएगा, जिसमें रक्षा मंत्रालय और उद्योग जगत के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। दूसरे दिन 8 नवम्बर को वेंडर डेवेलपमेंट कार्यक्रम होगा, जहां विभिन्न उद्योगों को रक्षा उत्पादन इकाइयों के साथ सहयोग और साझेदारी के अवसर प्रदान किए जाएंगे।

तीसरे दिन 9 नवम्बर को द्वितीय सत्र एवं समापन समारोह आयोजित होगा, जिसमें कॉन्क्लेव के निष्कर्षों और भविष्य की योजनाओं पर चर्चा की जाएगी। पत्रकार वार्ता में जनरल मैनेजर राजेश खन्ना, एचआर श्वेता जौहरी, प्रणव प्रियम, जनसंपर्क अधिकारी शैलेंद्र सिंह आदि उपस्थित थे।

## एक नजर में



### सूर्या अर्ध-मैराथन में उद्योग जगत ने बढ़ाया सहयोग

**नवभारत, जबलपुर।** मुख्यालय मध्य भारत क्षेत्र के तत्वावधान में 16 नवम्बर 2025 को जबलपुर में होने वाली सूर्या अर्ध-मैराथन को शहर के उद्योगपतियों का समर्थन मिला है। इस संबंध में 31 अक्टूबर को आयोजित बैठक की अध्यक्षता मेजर जनरल संजय गौतम, चीफ ऑफ स्टाफ, मध्य भारत क्षेत्र ने की। उन्होंने बताया कि मैराथन का उद्देश्य फिटनेस और सेना-नागरिकों के बीच सामुदायिक जुड़ाव बढ़ाना है। आयोजन में 21, 10, 5 और 3 किलोमीटर की दौड़ें होंगी तथा 15 लाख रुपये तक के पुरस्कार दिए जाएंगे। 21 किमी में प्रथम आने वाले महिला और पुरुष धावक को 1-1 लाख रुपये मिलेंगे। अब तक 3500 से अधिक प्रतिभागी पंजीकृत हो चुके हैं, जिसकी अंतिम तिथि 10 नवम्बर है। कार्यक्रम में खान-पान, मनोरंजन, फिजियोथेरेपी और चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी। मेजर जनरल गौतम ने कहा कि यह आयोजन वीर सैनिकों को समर्पित है और नारा है अपने उत्साह को प्रज्वलित करें, उनकी वीरता को सम्मान दें। उन्होंने जबलपुरवासियों से इसमें बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की।



### बास्केटबॉल टीम अंतर रेलवे प्रतियोगिता में भाग लेने रवाना

नवभारत, जबलपुर। पूर्व सीमांत रेलवे स्पोर्ट्स एसोसिएशन, मालिगांव (गुवाहाटी) में 03 से 10 नवम्बर 2025 तक आयोजित 68वीं अखिल भारतीय अंतर रेलवे बास्केटबॉल प्रतियोगिता (पुरुष) में पश्चिम मध्य रेलवे की बास्केटबॉल टीम हिस्सा लेगी। पश्चिम मध्य रेलवे महाप्रबंधक शोभना बंदोपाध्याय और खेलकूद संघ के अध्यक्ष कुशाल सिंह ने टीम को उत्कृष्ट प्रदर्शन हेतु शुभकामनाएं दी। महासचिव जी. पी. शिव नारायण, कोषाध्यक्ष यशवंत कुमार, मंडल रेल प्रबंधक कमल कुमार तलरेजा, वरिष्ठ मंडल कार्मिक प्रबंधक सुबोध विश्वकर्मा सहित अन्य अधिकारियों और रेलकर्मियों ने भी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।




### विज्ञानम गर्जना 3.0 : नवाचार और प्रेरणा का संगम

**नवभारत, जबलपुर।** संत अलॉयसियस महाविद्यालय (स्वशासी) के जैव प्रौद्योगिकी विभाग एवं अलॉयसियन बायोटेक सोसायटी द्वारा वार्षिक विज्ञान समारोह विज्ञानम गर्जना 3.0 का भव्य आयोजन किया गया। इस वर्ष का विषय था सीमाओं से परे विज्ञान की खोज : विचार से प्रभाव तक, विकसित भारत 2047 के लिए। मुख्य प्रायोजक ए1 एकेडमी रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य रेव. डॉ. जे. बेन एंटन रोज़ एवं विभागाध्यक्ष डॉ. लक्ष्मीकांत पांडेय ने दीप प्रज्वलन के साथ किया। जबलपुर जिले के 20 से अधिक विद्यालयों ने भाग लिया। स्क्विड गेम, ट्रेजर हंट (एस्केप द पेंडेमिक) और आइडियाथॉन जैसी प्रतियोगिताओं ने छात्रों में टीमवर्क और नवाचार की भावना को प्रोत्साहित किया। आइडियाथॉन में आर्मी पब्लिक स्कूल प्रथम, संत अलॉयसियस सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सदर द्वितीय तथा स्टेमफील्ड इंटरनेशनल स्कूल तृतीय स्थान पर रहे।

## विद्यार्थियों ने किया मतदान के महत्व को उजागर

▸ जबलपुर में मतदाता महारथ क्विज प्रतियोगिता आयोजित



**नवभारत, जबलपुर।** प्रगत शैक्षिक अध्ययन संस्थान में मतदाता महारथ जिला स्तरीय निर्वाचन जागरूकता क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इसमें जिले के 46 महाविद्यालयों के विजेता छात्र-छात्राएं अपने नोडल अधिकारियों के साथ शामिल हुए। भारत निर्वाचन आयोग के मतदान जागरूकता कार्यक्रम एवं निर्वाचन साक्षरता क्लब के संयुक्त प्रयास से आयोजित इस प्रतियोगिता का संचालन डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने कहा कि जागरूक मतदाता ही लोकतंत्र की मजबूत नींव हैं। प्रतियोगिता में कुल 6 दौर आयोजित किए गए, जिनमें प्रश्नोत्तरी, ऑडियो-वीडियो, त्वरित उत्तर और डिजिटल जागरूकता शामिल थे। परिणाम में प्रथम स्थान अविका विश्वकर्मा एवं समूह को, द्वितीय स्थान कान्हा विश्वकर्मा, तन्मय द्विवेदी एवं दुर्गेश के समूह को मिला। उत्कृष्ट महाविद्यालयों में हवाबाग कॉलेज, नर्मदा एक्सीलेंस महाविद्यालय और ज्ञानगंगा महाविद्यालय शामिल रहे। विजेता टीमों सहित सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। डॉ. प्रमोद श्रीवास्तव ने कहा कि जबलपुर के विद्यार्थियों ने मतदान के महत्व को उजागर किया।

### भत्तों के पुनरीक्षण पर फेडरेशन ने जताया आभार

**नवभारत, जबलपुर।** मध्यप्रदेश विधुत कर्मचारी संघ फेडरेशन के महामंत्री राकेश डी.पी. पाठक ने राज्य के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, ऊर्जा मंत्री श्री प्रद्युम्न सिंह, अतिरिक्त मुख्य सचिव ऊर्जा श्री नीरज मंडलोई और सभी बिजली कंपनियों के प्रबंध निदेशकों का हृदय से आभार व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि लंबे समय से लंबित सभी फ्रिंज बेनीफिट्स के पुनरीक्षण का निर्णय कर्मचारियों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण और प्रेरक है। इस निर्णय से राज्य की सभी बिजली कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों को लाभ मिलेगा। फेडरेशन ने अधिकारियों की इस पहल को कर्मचारियों के हित में एक सराहनीय कदम बताया और भविष्य में भी ऐसे सहयोग की अपेक्षा जताई।




## मप्र की विशेषताओं का किया वर्णन

**नवभारत, जबलपुर।** जेल अधीक्षक अखिलेश तोमर के मार्गदर्शन में 70 वें मध्यप्रदेश स्थापना दिवस समारोह के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन केन्द्रीय जेल जबलपुर में किया गया। सभी अधिकारी - कर्मचारी एवं बंदियों द्वारा मध्यप्रदेश गान गाया गया । बंदियों द्वारा स्वरचित गीतों की प्रस्तुति दी गई, जिसमें मध्य प्रदेश की विशेषताओं का वर्णन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं संचालन कल्याण अधिकारी सरिता घारू द्वारा किया गया। कार्यक्रम उप जेल अधीक्षक मदन कमलेश के सहयोग से सम्पन्न हुआ, जिसमें सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम | मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर भव्य आयोजन

# मध्यप्रदेश आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल




**जबलपुर।** मध्यप्रदेश के 70वें स्थापना दिवस पर गोलबाजार स्थित शहीद स्मारक भवन में भव्य समारोह आयोजित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि लोक निर्माण मंत्री राकेश सिंह थे। कार्यक्रम में प्रदेश के गौरवशाली इतिहास, वर्तमान उपलब्धियों और भविष्य की विकास योजनाओं का वर्णन किया गया, जबकि करमा और भगोरिया नृत्य जैसे लोक नृत्यों ने दर्शकों का मन मोह लिया। राकेश सिंह ने कहा कि मध्यप्रदेश, जिसे कभी बीमारू राज्य माना जाता था, आज देश के अग्रणी राज्यों में शामिल है। उन्होंने प्रदेश में तेज़ी से विकसित हो रहे इंफ्रास्ट्रक्चर और लोक निर्माण विभाग की भूमिका को भी सराहा।स्थापना दिवस की थीम अभ्युदय मध्यप्रदेश-प्रदेश के सर्वांगीण विकास की पहल थी। समारोह में शहीद स्मारक प्रांगण में विभिन्न विभागों की प्रदर्शनी लगाई गई। लोक निर्माण मंत्री ने गौरीघाट में मां नर्मदा के तट के विकास की योजना का जिक्र किया और बताया कि इसका मीडिया प्रेजेंटेशन रविवार को किया जाएगा।

### स्कूली बच्चों ने दी सांस्कृतिक प्रस्तुतियां

समारोह में स्कूली बच्चों द्वारा करमा नृत्य, भगोरिया नृत्य, चारों युग पर आधारित समूह नृत्य और स्वच्छ रेल-स्वच्छ भारत नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम के समापन पर सभी बच्चों को महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू और अतिथियों की उपस्थिति में प्रमाण पत्र प्रदान किए गए।

### ये अतिथि हुये शामिल

सभी प्रमुख अतिथियों में महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक संतोष वरकड़े, जिला पंचायत अध्यक्ष आशा गोंटिया, भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, भाजपा नगर अध्यक्ष रत्नेश सोनकर, जिला अध्यक्ष (ग्रामीण) राजकुमार पटेल, कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय और अपर कलेक्टर नाथूराम गोंड शामिल थे।



### प्रदेश में तेज़ी से हो रहे विकास

महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने जबलपुर को संस्कारधानी बताते हुए प्रदेश के तेज़ी से हो रहे विकास का उल्लेख किया। उन्होंने प्रमुख विकास कार्य जैसे फ्लाईओवर, रिंग रोड, एयरपोर्ट और रेलवे स्टेशन विस्तार के लिए श्री राकेश सिंह को श्रेय दिया और वीरांगना रानी दुर्गावती को याद किया।

### नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित

नवज्योति नशा मुक्ति केंद्र अवधपुरी, में 1 नवंबर मध्य प्रदेश स्थापना दिवस पर नशा मुक्ति कार्यशाला आयोजित कि गई। संस्था से हेमंत सोलंकी द्वारा सभी उपस्थित जनों को मध्य प्रदेश स्थापना दिवस की बधाई देते हुए नशा मुक्ति का संकल्प भी दिलाया एवं मादक पदार्थों के आकर्षण से कैसे बचें इसके उपाय भी बताएं। इस अवसर पर काउंसिल श्वेता मिश्रा, तापीकर, नीरज रजक, डॉ सरकार अभिलाष तिवारी, संतोष बर्मन आदि उपस्थित थे।



### महर्षि विद्या मंदिर में मॉक पार्लियामेंट गतिविधि

मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस के अवसर पर महर्षि विद्या मंदिर, नेपियर टाउन, जबलपुर में कक्षा नवमीं और ग्यारहवीं के विद्यार्थियों द्वारा माक पार्लियामेंट (छद्म संसद) का प्रदर्शन किया गया। इस कार्यक्रम का संचालन सामाजिक विज्ञान शिक्षिका शंपा दत्ता के निर्देशन में किया गया। विद्यालय के प्राचार्य नीलेश कुमार पाण्डेय एवं प्रशासनिक अधिकारी राहुल जैन ने बताया कि इस गतिविधि का उद्देश्य विद्यार्थियों में संवैधानिक, सरकारी और संसदीय कार्य प्रणाली के प्रति जागरूकता पैदा करना है। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इसे आनंदपूर्वक सम्पन्न किया।कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ और इसे विद्यालय में विद्यार्थियों तथा शिक्षकगण द्वारा अत्यंत प्रभावशाली माना गया।



### छात्राओं को दी संस्कार और आध्यात्मिकता अपनाने की प्रेरणा

मध्य प्रदेश स्थापना दिवस के अवसर पर शासकीय मॉ. ह. गृहविज्ञान एवं विज्ञान महिला महाविद्यालय, जबलपुर में विशेष समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि महापौर जगत बहादुर सिंह (अन्नू) ने छात्राओं को जल संवर्धन और स्वच्छ जल आपूर्ति के प्रयासों के लिए प्रेरित किया तथा छात्राओं को डुमना नेचर पार्क भ्रमण हेतु नि:शुल्क वाहन सुविधा प्रदान करने की घोषणा की। विशिष्ट अतिथि ब्रिगेडियर (सेवानिवृत्त) विपिन त्रिवेदी ने छात्राओं को महिला सशक्तिकरण और रक्षा बल में भर्ती के लिए प्रेरित किया, वहीं डॉ. अखिलेश गुमास्ता, वरिष्ठ अस्थि रोग विशेषज्ञ, ने छात्राओं को संस्कार और आध्यात्मिकता अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर सुरभि त्रिवेदी , प्राचार्य डॉ. स्मिता पाठक डॉ. अनिता कौशल, डॉ. विनिता नंदा प्रो. राजेन्द्र मिश्रा, डॉ. प्रभात तिवारी, प्रो. वेद प्रकाश नारंग, डॉ. दुर्गा मिश्रा, शक्ति शुक्ला, रीना रजक एवं महाविद्यालय का समस्त परिवार एवं छात्राएँ बड़ी संख्या में उपस्थित रहीं।